# नोएडा एयरपोर्ट का 77.77 प्रतिशत निर्माण पूरा, अब तक खर्च हुए 9,024.12 करोड़

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** एनसीआर के दूसरे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अप्रैल में यात्री सेवाओं के संचालन के लिए निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है। एयरपोर्ट के निर्माण पर अब तक 9,024.12 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल लागत का 89.73 प्रतिशत है। एयरपोर्ट का निर्माण 77.77 प्रतिशत पूरा हो चुका है। प्रांगण की छत को ढकने का काम शुरू हो गया है।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे का निरीक्षण करते निदेशक नागरिक उड्डयन विभाग ईशान प्रताप सिंह व नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण दो हिस्सों में हो रहा है। एक हिस्से में टर्मिनल बिल्डिंग और दूसरे में एयरसाइड इन्फ्रास्ट्रक्चर है। टर्मिनल बिल्डिंग में फर्श का काम तकरीबन पूरा हो चुका है। आंतरिक साज-सज्जा, बैगेज हैंडलिंग सिस्टम आदि का काम चल रहा है। एयरपोर्ट के फोरकोर्ट (प्रांगण) की छत को ढकने का काम शुरू हो गया है। एस्केलेटर लगा दिया गया है। एयरपोर्ट आने वाले यात्री सबसे पहले इसी प्रांगण में प्रवेश करते हुए आगे बढ़ेंगे।

दूसरे चरण के एयर साइड इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत रनवे व एटीसी का काम पूरा हो चुका है। एटीसी को भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण को सौंपा जा चुका है। सब स्टेशन का निर्माण हो चुका है। एसटीपी, जल शोधन संयंत्र, टैक्सी वे आदि का काम चल रहा है।

**परिसर में सड़क आदि का निर्माण कार्य शुरू :** यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इंटरचेंज से एयरपोर्ट परिसर तक 700 मीटर लंबी आठ लेन सड़क बना दी है। परिसर के अंदर सड़क आदि के निर्माण की जिम्मेदारी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. की है। कंपनी ने सड़क समेत अन्य निर्माण पर काम शुरू कर दिया है।

**9024.12 करोड़ रुपये खर्च:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना में 10056 करोड़ रुपये लागत आएगी। इसमें एयरपोर्ट के लिए अधिगृहीत की गई 1334 हेक्टेयर जमीन की कीमत शामिल है। कुल लागत का 9,024.12 करोड़ रुपये दिसंबर अंत तक खर्च हो चुके हैं।